प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

भारतीय सशस्त्र सेनाओं के अद्भुत शौर्य और साहस के प्रतिमान, ऑपरेशन सिंदूर को आज एक वर्ष पूरा हो गया है। इस अवसर पर रांची के सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारत की बढ़ती रक्षा शक्ति की सराहना की है। उन्होंने कहा कि आज भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयां छू रहा है। सेठ ने इस सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व को दिया है। उन्होंने देश के शूरवीरों को नमन करते हुए 22 मिनट के उस साहसिक ऑपरेशन को याद किया, जिसमें आतंकवादियों का सफाया किया गया था। इस गौरवशाली दिन के सम्मान में, उन्होंने देशवासियों से अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऑपरेशन सिंदूर की डीपी लगाने की अपील की है।

****

इधर, कोडरमा सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने ऑपरेशन सिंदूर को नए भारत की शक्ति का प्रतीक बताया है। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे महज 22 मिनट में आतंकियों के 9 ठिकाने ध्वस्त किए गए थे। इस दौरान अत्याधुनिक राफेल और स्वदेशी एआई नेटवर्क के जरिए दुश्मन की हवाई क्षमता को भारी नुकसान पहुंचाया गया। अन्नपूर्णा देवी ने इसे आतंकवाद के खिलाफ भारत की नई और सख्त नीति का स्पष्ट संदेश करार दिया।

****

भाजपा के नेता और कार्यकर्ता बिजली पानी की व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग को लेकर आज कोल्हान प्रमंडल में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस कड़ी में जमशेदपुर में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और विधायक पूर्णिमा साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने साकची से पैदल मार्च निकाला। रघुवर दास ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है।

इधर, बढ़ती महंगाई के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी मोर्चा खोल दिया है। सभी जिला मुख्यालयों पर आज विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

****

लोहरदगा जिले में हाथियों का आतंक जारी है। बीती रात कुडू थाना क्षेत्र के नावाटोली और चंदवा के बरवाटोली में हाथियों ने पांच घरों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों ने अनाज और घर का कीमती सामान नष्ट कर दिया। गनीमत रही कि पीड़ित परिवारों ने भागकर अपनी जान बचाई। वन विभाग फिलहाल हाथियों की निगरानी कर रहा है।

****

आरपीएफ ने रांची रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी फुटेज की मदद से अंतरराज्यीय मोबाइल चोरी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 4 नाबालिग भी शामिल हैं। मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर की गई कार्रवाई में प्लेटफॉर्म संख्या 3 से एक नाबालिग को पकड़ने के बाद गिरोह का खुलासा हुआ। छापेमारी के दौरान न्यू पुंदाग और कठहल मोड़ क्षेत्रों से कुल 9 मोबाइल फोन बरामद किये गये जिनकी कीमत लगभग 3 लाख 40 हजार रुपये है।

****

राजधानी रांची सहित कई जिलों में आज दोपहर तेज आंधी के साथ जोरदार बारिश और ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए राज्य के अधिकांश जिलों में 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और वज्रपात की चेतावनी दी है। 9 और 10 मई को स्थिति और खराब हो सकती है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज लोक भवन में प्रदेश की बधिर क्रिकेट टीम ने मुलाकात की। खिलाड़ियों ने नेपाल में आयोजित टी–20 क्रिकेट सीरीज में विजेता बनने की जानकारी साझा की। राज्यपाल ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों की उपलब्धि समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया।

****